# MAKHANLAL CHATURVEDI NATIONAL UNIVERSITY OF JOURNALISM AND COMMUNICATION

## // UNIVERSITY LIBRARY //

## -: NEWS CLIPPING SERVICE -:

## DATE:21 JULY 2026

# नामांकन व परीक्षा आवेदन की तिथियां बढ़ाने का हुआ निर्णय

नवदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता व संचार विश्वविद्यालय (एमसीयू) में सोमवार को प्रदेशभर से आए सौ से अधिक संबद्ध अध्ययन संस्थाओं के संचालकों ने कुलगुरु विजय मनोहर तिवारी मुलाकात की। इस दौरान संचालकों ने शैक्षणिक, प्रशासनिक और परीक्षा व्यवस्था से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की। बैठक में कुलगुरु ने नामांकन और परीक्षा आवेदन जमा करने की अंतिम तिथियां बढ़ाने की घोषणा की। उन्होंने यह भी बताया कि विश्वविद्यालय की स्नातक व स्नातकोत्तर कक्षाओं की परीक्षाएं प्रत्येक वर्ष मई के अंतिम सप्ताह तथा पीजीडीसीए और डीसीए की परीक्षाएं जून के दूसरे सप्ताह में आयोजित की जाएंगी। साथ ही संबद्ध अध्ययन संस्थाओं के संभागवार सम्मेलन नियमित रूप से कराने की घोषणा की। संबद्ध अध्ययन संस्थाएं विभाग के निदेशक डा. आशीष जोशी ने विवि में लागू किए जा रहे शैक्षणिक सुधारों, डिजिटल प्रक्रियाओं, नए प्रमाणपत्र पाठ्यक्रमों और अन्य नवाचारों की जानकारी दी। संचालकों ने पीजीडीसीए व डीसीए पाठ्यक्रमों के अद्यतन किए जाने का स्वागत किया और बीसीए पाठ्यक्रम को भी वर्तमान उद्योग की आवश्यकताओं के अनुरूप संशोधित करने का सुझाव दिया। इस पर डीन अकादमिक प्रो. मनीष माहेश्वरी ने अगले शैक्षणिक सत्र तक इसे अद्यतन करने आश्वासन दिया।

NEWS CLIPPING SERVICE FROM 'MCNUJC LIBRARY
'DANIK NAIDUNIYA'21 JULY.2026

**एमसीयू: संस्था संचालकों के साथ लगभग डेढ़ घंटे से अधिक समय तक चली इस बैठक**

# कुलगुरु से मिले 100 से अधिक संस्था संचालक, परीक्षा व्यवस्था पर हुए महत्वपूर्ण निर्णय

**स्वदेश ज्योति संवाददाता, भोपाल**



माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय, भोपाल से सम्बद्ध अध्ययन संस्थाओं के 100 से अधिक संचालकों ने सोमवार को विश्वविद्यालय परिसर में कुलगुरु विजय मनोहर तिवारी से मुलाकात की। मप्र के विभिन्न अंचलों से आए संस्था संचालकों के साथ लगभग डेढ़ घंटे से अधिक समय तक चली इस बैठक में शैक्षणिक, प्रशासनिक एवं परीक्षा संबंधी विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक के प्रारंभ में सम्बद्ध अध्ययन संस्थाएं *विभाग के निदेशक डॉ. आशीष जोशी* ने माननीय कुलगुरु विजय मनोहर तिवारी के मार्गदर्शन में विभाग द्वारा किए जा रहे विभिन्न नवाचारों, शैक्षणिक सुधारों एवं नई पहलों की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की। उन्होंने विभाग द्वारा पाठ्यक्रमों के आधुनिकीकरण, नए सर्टिफिकेट पाठ्यक्रमों के प्रारंभ, डिजिटल प्रक्रियाओं के विस्तार तथा अध्ययन संस्थाओं के साथ सतत संवाद स्थापित करने के लिए किए जा रहे प्रयासों का उल्लेख किया। संस्था संचालकों ने इन नवाचारों का स्वागत करते हुए विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की तथा डॉ. आशीष जोशी एवं विश्वविद्यालय प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया। बैठक में संचालकों ने नव-समाविष्ट टाइपिंग विषय के संबंध में अपनी जिज्ञासाएँ एवं सुझाव भी रखे। संचालकों ने बीसीए पाठ्यक्रम को भी वर्तमान आवश्यकताओं के अनुरूप अद्यतन करने का अनुरोध किया, जिस पर डीन अकादमिक प्रो. मनीष माहेश्वरी ने आगामी शैक्षणिक सत्र तक इस कार्य को पूर्ण करने का आश्वासन दिया।

**परीक्षा आवेदन भरने की अंतिम तिथियों को बढ़ाया:** बैठक के दौरान कुलगुरु विजय मनोहर तिवारी ने संस्था संचालकों के सुझावों एवं अपेक्षाओं पर सकारात्मक निर्णय लेते हुए नामांकन तथा परीक्षा आवेदन (परीक्षा फार्म) भरने की *अंतिम तिथियों को बढ़ाने का निर्णय* लिया, ताकि अधिकाधिक विद्यार्थी नामांकन एवं परीक्षा प्रक्रिया का लाभ प्राप्त कर सकें तथा अध्ययन संस्थाओं को भी आवश्यक सुविधा मिल सके।

NEWS CLIPPING SERVICE FROM 'MCNUJC LIBRARY
'SWADESH JYOTI'21 JULY.2026

# एमसीयू: कुलगुरु से मिले 100 से अधिक संस्था संचालक, परीक्षा व्यवस्था पर हुए महत्वपूर्ण निर्णय

भोपाल। माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय, भोपाल से सम्बद्ध अध्ययन संस्थाओं के 100 से अधिक संचालकों ने सोमवार को विश्वविद्यालय परिसर में कुलगुरु विजय मनोहर तिवारी से मुलाकात की। मप्र के विभिन्न अंचलों से आए संस्था संचालकों के साथ लगभग डेढ़ घंटे से अधिक समय तक चली इस बैठक में शैक्षणिक, प्रशासनिक एवं परीक्षा संबंधी विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक के प्रारंभ में सम्बद्ध अध्ययन संस्थाएं विभाग के निदेशक डॉ. आशीष जोशी ने माननीय कुलगुरु विजय मनोहर तिवारी के मार्गदर्शन में विभाग द्वारा किए जा रहे विभिन्न नवाचारों, शैक्षणिक सुधारों एवं नई पहलों की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की। उन्होंने विभाग द्वारा पाठ्यक्रमों के आधुनिकीकरण, नए सर्टिफिकेट पाठ्यक्रमों के प्रारंभ, डिजिटल प्रक्रियाओं के विस्तार तथा अध्ययन संस्थाओं के साथ सतत संवाद स्थापित करने के लिए किए जा रहे प्रयासों का उल्लेख किया।

NEWS CLIPPING SERVICE FROM 'MCNUJC LIBRARY
'HARIBHOOMI'21 JULY.2026

**विद्यार्थियों को परिवहन की समस्या से राहत**

# एमसीयू कैंपसः तीन रूट पर अपडाउन शुरू हुई 3 बसें, आई कार्ड पास से मिलेगी एंट्री

पत्रिका ZOOM रिपोर्टर
patrika.com

**नीलबड.** महंगे किराए के बीच माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विवि (एमसीयू) के सैकड़ों से अधिक छात्र-छात्राओं के लिए राहतभरी खबर है। दरअसल, विद्यार्थियों द्वारा लंबे समय की जा रही बस सुविधा की मांग को ध्यान में रखते हुए विवि प्रशासन ने तीन अलग-अलग रूटों पर निःशुल्क बस सेवा का संचालन शुरू किया है। इसके बाद से अब शहरभर के विद्यार्थी कैंपस तक आसानी से पहुंच सकेंगे। बता दें कि एमसीयू का मुख्य परिसर बिशनखेड़ी स्थित मप्र राज्य शूटिंग अकादमी के सामने विकसित किया गया है, लेकिन शहर के मुख्य हिस्से से दूरी की वजह से यहां पहुंचने के लिए सार्वजनिक परिवहन के विकल्प



एमसीयू परिसर में खड़ी बस।

सीमित थे। ऐसे में निजी ऑटो, टैक्सी का सहारा लेना पड़ रहा था, जिससे उनका प्रतिदिन का खर्च भी बढ़ जाता था, समय खराब होता था। विशेषकर छात्राओं को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था, बरसात में यह परेशानी और बढ़ जाती थी। इसकी वापसी शाम 5 बजे विवि सें होगी।

NEWS CLIPPING SERVICE FROM 'MCNUJC LIBRARY
'PATRIKA'21 JULY.2026